Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-09-2022 | अंक 344

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के बेंदगी निवासी राजेश यादव उम्र 27 वर्ष पिता किशुन महतो घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश यादव बरही से बरसोत जा रहे थे। इसी क्रम में करियातपुर के नजदीक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। साथ ही साथ उन्होंने आरोप लगाया की उनके जैब में 12000 था। जिसे चोरी कर लिया गया।

### जंगली सियार के काटने से एक व्यक्ति हुआ घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू बाघमारा निवासी अशोक यादव उम्र 40 वर्ष पिता सरयू यादव को जंगली सियार ने काट लिया। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

### भारी बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त , पीएम आवास का लगाया गुहार



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के चौधरी टोला निवासी नागो चौधरी का घर बीते दिन हुई भारी बारिश में घर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किन्ही के जान माल का कोई नुकसान नही हुआ। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने बरही के अधिकारियों से क्षतिपूर्ति पूरा करने के साथ साथ पीएम आवास का मांग किया है।

### दो बालू लदे ट्रेक्टर जब्त

#### दोनों चालक फरार

बरकट्ठा बरकट्ठा थाना क्षेत्र में खनन को लेकर सख्त हुई प्रशासन ने संयुक्त कारवाई करते हुए डुम. रडीहा इचाक पीडब्ल्यूडी सड़क के पास दो बालू लदे ट्रैक्टरों को रोका गया पुलिस को देखकर दोनों ट्रे. क्टर चालक जंगल मे फरार हो गए टीम में अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी व थाना प्रभारी विक्रम कुमार व बरकट्ठा थाना के जवान शामिल थे ।



# गोल्ड मेडलिस्ट रक्षा गोस्वामी का हुआ भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**





बरकट्ठा दक्षिणी कोरिया में आयोजित ओपेन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने पैतृक निवास बरकट्ठा लौट रही बेटी रक्षा गोस्वामी का बगोदर में विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया वही बरकट्ठा स्थित बंडासिंघा मोड़ पहुचने पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव व मुखिया ललिता पांडेय ने उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी ज्ञात हो रक्षा गोस्वामी इसी वर्ष दक्षिण कोरिया में आयोजित ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने पैतृक आवास लौटी वह वर्तमान में हरियाणा में अपने पिता के साथ रहती है विधायक ने रक्षा गोस्वामी को पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया एवं भविष्य में होने वाले इंटरनेशनल ताइक्वांडो गेम के लिए उन्होंने सभी की तरफ से अग्रिम शुभकामनाएं दी स्वागत करने आए बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जीप सदस्य कुमकुम देवी ने अपने बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र का नाम ऊँचा किया है। इनकी इस उपलब्धि से पूरा देश, झारखंड राज्य सहित बरकट्ठा क्षेत्र गौरवान्वित है। रक्षा गोस्वामी को विष्णुगढ़ उनके चाचा के निवास स्थान से स्वागत करते हुए जगह–जगह पर बगोदर, अटका एवं बंडासिंघा मोड़ पर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें अपना पैतृक गांव बंडासिंघा पहुंचाया गया। इस मौके पर विधायक के साथ में बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो , बेलकपी मुखिया ललिता पांडेय, धीरेंद्र कुमार पांडेय जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बगोदर जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक बगोदर प्रमुख, बरकट्ठा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष टुकलाल नायक, प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि उमेंश चौधरी रवी गोस्वामी, अर्जुन ठाकुर, राजकुमार यादव , सुरेंदर साव, आशीष बॉर्डर, दुर्गेश साव, समेत भारी संख्या में उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ा।

# कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी बच्चो की अधिगम प्रतिभा को प्रदर्शित करती है : डॉ सुनील यादव

## कला सह विज्ञान प्रदर्शनी व पत्रिका का हुआ लोकार्पण, बच्चों की प्रतिभा को मिली सराहना








**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के प्रांगण में कला सह विज्ञान प्रदर्शनी, पत्रिका का लोकार्पण व पुस्तकालय का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू देवी व सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव व सरपंच कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पुस्तकालय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुस्तकालय में सभी तरह के अनुशासनों से जुड़ी पुस्तकें, अखबार व पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। इससे छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगी। कला व विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजक रश्मि द्विवेदी ने बताया कि छात्र छात्राओं द्वारा कुल 90 प्रदर्शनी लगाए गए, जिसमें कला के 60 व विज्ञान के 30 मॉडल थे। हिंदी दिवस के दिन विद्यालय की वार्षिक पत्रिका सृजन का भी लो. कार्पण किया गया।इस बार पत्रिका का सम्पादन वर्ग दशम की छात्राओं द्वारा किया गया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।इससे बच्चों की अधिगम क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अरुण कुमार, फ़ैयाज़ आलम, सुधा रश्मि, पूनम मुर्मू, रश्मि टोप्पो, विजय कुमार दास, विक्रम प्रजापति, दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी, संजू देवी व आरती देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष महेश सिंह, सदस्य श्याम राम,मुद्रिका देवी, ऋतुराज सिंह, संतोष यादव उपस्थित रहे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डॉ0 भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिंदी दिवस के अवसर पर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा हिंदी पर भाषण प्रतियोगिता, कविताएं एवं छोटे कहानियों को प्रस्तुत किया गया। और सभी ने संकल्प लिया कि हम हिंदी का हर जगह प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि हमसभी को हिंदी को जानना एवं स्कूल व सरकारी/निजी कार्यालयों में हिंदी को महत्व देना होगा। इससे हमारी मातृ भाषा हिंदी को जिंदा रखा जा सकता है। वर्तमान में जिस प्रकार अंग्रेजी के पीछे भाग रहे हैं यह चिंता का विषय है कि हम अपनी भाषा को भूल रहे हैं। कार्यक्रम को संचालन कर रहे सूरज दास ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो हमें भारतीय संस्कृति का बोध कराता है और हमें अपनी मातृभूमि की प्रेम को उजागर करता है। हमें हिंदी भाषा पर गर्व है। हिंदी के शिक्षक शिव कुमार यादव ने कहा कि हिंदी बोलना ,लिखना हमलोगों के लिए गर्व की बात है। हिंदी हैं हम हिंदुस्तान हमारा। हम बहुत विकसित हो जाएंगे लेकिन हिंदी के बिना अधूरे रहेंगे। हिंदी हमलोगों के लिए आन है,शान है अभिमान है। संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 में हिंदी भाषा को स्वीकृत किया था और 1953 से हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। शिक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि हम सभी को हिंदी बोलने पर गर्व करना चाहिए। हिंदी ऐसी भाषा है जिसका शुरुआत भारत से हुआ है। और यह हमलोगों की पहचान है। कार्क्रम में प्रधानाचार्य गुलाब कुमार दास, उपप्रधानाचार्य सूरज दास, शिव कुमार यादव, प्रवीण कुमार, सकलदेव कुमार यादव, पुजा कुमारी, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी, फरजाना खातून सहित विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र सिंघरावां में पोषण माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन, उपप्रमुख प्रीती कुमारी हुई शामिल





**अपेम लाइव चौपारण**

आंगनवाड़ी केंद्र सिंघरावाँ भाग 3 में सुपोषण दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत लोगों को पोषण के बारे में जानकारी दी गई और पौष्टिक आहार का महत्व बताया गया। सुपोषण दिवस का उदेश्य बच्चों व महिलाओं को कुपोषण से बचाव के लिए जागरूक करना है तथा इनका सही शारीरिक व मानसिक विकास करना है। कार्यक्रम के दौरान आरती कुमारी एवं नेहा कुमारी दो महिलाओं का गोद भराई का रस्म भी किया गया। इसके साथ-साथ पौष्टिक रंगोली के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया व इसे होने वाली कमियों के बारे में अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। उप प्रमुख प्रीति कुमारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं को कार्बोहाईड्रेट, वसा, प्रोटीन, विटामिन व खनिज लवण के स्त्रोतों एवं संतुलित व पौष्टिक आहार लेने तथा खाना बनाते समय स्वच्छता के मापदंडों को अपनाने बारे लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि कुपोषण एक बड़ी समस्या है। जिसे दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। सुप. रवाइजर कुसुम देवी ने कहा कि सभी लोगों को अपने खाने की थाली और संतुलित आहार को लेकर लोग जागरुक होना होगा। जिससे अच्छा पोषण प्राप्त हो सके। संयुक्ता कुमारी ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये भरपूर अनाज, फल, हरी सब्जी, दूध आदि खाना चाहिये। गर्भवती महिलाओं को भी अपने भोजन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मौके पर उप प्रमुख प्रीति कुमारी, पूर्व मुखिया अंजू देवी, सुपरवाइजर कुसुम कुमारी, जेएसएलपीएस पंचायत अध्यक्ष सोमी कुमारी, उप प्रमुख प्रतिनिधि लालेश कुमार साहू, वार्ड सदस्य देवेंद्र गुप्ता, अजय सिंह, सेविका संयुक्ता कुमारी, जयंती देवी, सहायिका कुसुम देवी, सहिया अंजनी देवी, शिला देवी, चंपा देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

## हिंदी दिवस पर न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में किया गया लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में हिंदी में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा दूसरा से लेकर आठवां तक के छात्रों ने भाग लिया। कक्षा दूसरा में प्रथम स्थान प्राणजली कुमारी, द्वितीय फैजान अंसारी एवं जसीम अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरा में प्रथम अलीजा प्रवीण, द्वितीय आस्था कुमारी एवं हसरत अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ में प्रथम गुलफाम अंसारी, द्वितीय गौरव राज एवं अपसीन प्रवीण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवां में प्रथम स्थान अमन कुमार, द्वितीय स्थान फरहान अंसारी एवं शगुफ्ता प्रवीण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लेखन प्रतियोगिता में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षिकाएं रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रेमलता कुमारी ने अपना अहम योगदान दिया।

## समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधती है हिंदी भाषा : डॉ विशालनाथ

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया कर्मा में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान। गौरियाकरमा, हजारीबाग में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन डॉ. विशाल नाथ, विशेष कार्य अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया । डॉ विशाल नाथ ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आम जीवन में हिंदी के महत्व का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है,जो समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में बांधती है । यही एक ऐसी भाषा है, जो देश के विकास में गति प्रदान करता है, उन्होंने सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मच. ारियों से उन राज्यों के छात्रों को हिंदी पढ़ाने का आग्रह किया,जो छात्र हिंदी नहीं जानते या कम जानते हो। कार्यक्रम का शुभारंभ राजभाषा अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज चौधरी के स्वागत भाषण से किया गया। जिन्होंने हिंदी का महत्व बताते हुए सभागार में मौजूद सभी लोगों से कार्यस्थल पर अधिक से अधिक हिंदी भाषा के प्रयोग करने पर बल दिया । प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके महंता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर राज्य के दूरद. राज के क्षेत्रों के स्कूलों में हिंदी पढ़ाई जानी चाहिए। वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार ने अपने भाषण के दौरान हिंदी को भावनाओं को व्यक्त करने की सबसे आसान और सरल भाषा बताया। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी सुरजीत कुमार ने हिन्दी की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। समिति के सदस्य ड०. शिल्पी केरकेट्टा, वैज्ञानिक के सहयोग से हिंदी साहित्य से संबंधित प्रश्नोतरी, हिंदी निबंध एवं सामान्य हिंदी शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । मौके पर सभी वैज्ञानिक मौजूद रहे।

## रक्त रंजित हुवा दनुवा घाटी, चार ट्रको में भिड़ंत, चार घायल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



राष्ट्रीय राजमार्ग-टू(जीटी रोड) चौपारण के दनुआ घाटी में नही थम रही वाहन दुर्घटना। बुधवार के शाम दनुआ घाटी में कोलकोता से यूपी की ओर जा रही चार वाहन एक दूसरे को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जिसमे ट्रक संख्या आरजे18जीबी/2778 और एचआर61सी/5285 एक दुसरे को पीछे से टकराने के बाद हरियाणा के चालक सुनील कुमार और खलासी सत्यनारायण प्रसाद तथा बिहार के देव थाना के विश्वजीत गोरा और बरही के ग्राम केदारुत का प्रकाश यादव घायल हो गया। अन्य लोग भी घायल है। लहूलुहान सभी घायलों को सामुदायिक अस्पताल में उपचार के बाद हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि वाहन में बुरी तरह से फसे चालक व उपचालक को बड़ी मकसकत से निकाला गया। घटना स्थाल पर पहुँच थाना प्रभारी में स्थित को नियंत्रित कर बाधित यातायात को दुरुस्त क़िया।

Prop.- SKG
Mob.- 7654147310, 7549147130
RS ENTERPRISES
Wholesale & Retail
Dealers & Suppliers In : Lifestyle Goods All Types Of Office, School Stationary & Equipments
DOMS LINC Rorito Camlin Reynolds Luxor elkos HAUSER Pidilite CASIO munix Flair cello Nataraj apsara Kangaro
Bakri Bazar, Dhanbad Road, Barhi (Hazaribag)

APEM LIVE

दिनांक: 14-09-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## हिंदी भारत की संपर्क भाषा है : प्राचार्य ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया



कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य अशोक सिंह



छात्रों के साथ प्राचार्य ए के सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर हिंदी के महान विभूतियों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि कार्यक्रम प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के द्वारा संपन्न किया गया ।इस कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी से लेकर द्वादश तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लिया। जिसमें हिंदी गीत गायन ,भाषण, कविता पाठ ,लघु कथा ,चुटकुला जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भारत पूरे भारत की संपर्क भाषा है । 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने यह स्वीकार किया था कि भारत की राजभाषा हिंदी होगी। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा की सिफारिश पर सन 1953 से हिंदी दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। हमें दूसरों के भाषा का सम्मान करते हुए इस भाषा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहना है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे भी अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करते हुए इसके विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए ।इस अवसर पर हिंदी विभाग से रवि उदय सिंह, नीरू कुमारी, सुनील केसरी ,अमित कुमार, आलोक सिंह और मुकेश कुमार ने भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई ।कार्यक्रम के अंत में सबों ने यह प्रण लिया कि हिंदी के विकास के लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में बरही सीओ अरविंद देवासी टोप्पो जी ने चित्रकला में प्रथम पुरस्कार इशिका स्पर्धा द्वितीय पुरस्कार अदिति राज और पॉट डेकोरेशन में आभा रानी को पुरस्कृत किया।

## यंग पावर फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 पर रालो का कब्जा उपविजेता बना जरहिया

### मैन ऑफ द मैच रालो के सोनू कुमार व मैन ऑफ द सीरीज रूपेश कुमार यादव,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि

खोड़ाहार की यंग पावर क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मंगलवार देर शाम को रालो एवं जरहिया के बीच खेला गया। इसमे यंग पावर फुॅाल टूर्नामेंट 2022 पर रालो ने कब्जा जमाया, वही जरहिया की टीम उप विजेता बनी। इसमे मैन अफाफ द मैच रालो के सोनू कुमार व मैन ऑफ द सीरीज रूपेश कुमार यादव, बेस्ट हेल्प ऑफ कमिटी विशाल पासवान व रूपेश यादव को मिला। सभी को अतिथियों के द्वारा मेडल पहनाकर पहनाकर सम्मा. नित किया गया। विजेता एवं उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही मध्य के जीप सदस्य मंजू देवी, प्रमुख मनोज रजक, खोड़ा आहार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उप मुखिया खोड़ा आहार पंचायत रोहित यादव, खोड़ा आहार पंचायत के पूर्व मुखिया बीना उरांव, बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, रामचन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से कप एवं पुरस्कार राशी का चेक देकर सम्मानित किया। रोहित यादव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कदवा, पांचमाइल, रालो, कुंडवा, टोईया, बाराड़ीह , जोग. ीडिह, केवाल, पंचमाधव, जरहिया, रोमी, सूर्यपूरा, ढोंगी, एफसी झारखंड क्लब, धाढ़ीघाघर, बुंडू, खोड़ाआहार, केदारुत, दौरवा, पुराना रालो, भटबिघा, चार माइल, मुंडा टोली, आडार , खेर०न,देवचंदा, कोलंगा सहित कुल 32 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने कहा कि खेल ही युवा शक्ति की असली पूंजी है, खेल कूद से युवाओं के मानसिक और शारीरिक विकास होता है। मौके पर कमिटी के सारे सदस्य एवं ग्रामीणों पर खेल का लुत्फ उठाया।

## भामाशाह विद्यालय में हिंदी दिवस पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

हिंदी दिवस के अवसर पर विद्या भारती संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा चतुर्थ से लेकर दशम तक के भैया-बहनों के बीच आयोजित की गई। जिसे शिशु वर्ग, बाल वर्ग और किशोर वर्ग में बांटकर किया गया। शिशु वर्ग में कुल 55, बाल वर्ग में 61और किशोर वर्ग में 70 भैया बहनों ने भाग लिया। इस निबंध प्रतियोगिता में शिशु वर्ग के लिए ष्मेरे घर आने वाले पक्षीष, बाल वर्ग के लिए ष्स्वयं अब जागकर हमको जगाना देश है अपनाष और किशोर वर्ग के लिए ष्स्वतंत्रता आंदोलन के अनजाने नायकष विषय रखा गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय जी ने कहा कि इस निबंध प्रतियो. गिता का उद्देश्य छात्रों के बीच हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने और हिंदी में लिखने की आदत का विकास करना है।

## बरही पश्चिमी के जिप सदस्या प्रीति कुमारी ने किया प्रावि विद्यालय उजैना का औचक निरीक्षण,

### खुद बच्चों के साथ कि मध्यांी भोजन, व्यवस्था देख हुई संतुष्ट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विद्यालय का निरीक्षण करती जीप सदस्या प्रीति कुमारी

बरही पश्चिमी के जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय उजैना का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की व्यवस्था, मध्याहन भोजन एवं बच्चों की उपस्थिति एंव शिक्षण कार्य पर संतोष व्यक्त किया । साथ ही साथ विद्यालय में जो कमी है उसको दूर करने का आश्वासन दिया । जिला परिषद सदस्या ने विद्यालय में बच्चों के बीच में बैठकर मध्याह्न भोजन का स्वाद लिया और भोजन की व्यवस्था से काफी संतुष्ट नजर आई । इसके अलावे बच्चों को कक्षा में जाकर उन्हें कुछ ज्ञान की बातें भी बताई। उन्होंने शिक्षण व्यवस्था को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेंद्र राणा ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सचिव को धन्यवाद दिया। साथ ही साथ विद्यालय के प्रति सेवा करने का निर्देश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेंद्र राणा ने जीप सदस्या से विद्यालय की चाहरदीवारी करवाने का आग्रह किया। जीप सदस्या ने आश्वस्त किया कि जिला परिषद की बैठक में मैं जाकर इस बात को अवश्य रखूँगी ।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार साह, संयोजिका रेखा देवी, अमिभावक संजय राणा ,मुकेश राणा, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक योगेंद्र राणा, लीला कुमारी आदि उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ में एशियन ताइक्वांडो गोल्ड मेडलिस्ट का भव्य अभिनंदन

### बेटियों का सपोर्ट कर उनका मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता : शेख तैयब

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बुधवार को विष्णुगढ़ में गोल्ड मेडलिस्ट रक्षा गोस्वामी को सम्मानित करते लोग

एशियन ताइक्वांडो गोल्ड मेडलिस्ट रक्षा गोस्वामी का बुधवार को विष्णुगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मध्य जिप सदस्य सह बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब समेत कई लोगों ने माला पहनाकर, बुके देकर तथा मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। रक्षा गोस्वामी दक्षिण कोरिया में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीती है। वह अपने पिता प्रकाश गोस्वामी के साथ अपने चाचा विष्णुगढ़ निवासी प्रदीप गोस्वामी के घर पहुंची थी। रक्षा मूल रूप से बंडासिंघा, बरकट्ठा की रहने वाली है। मंगलवार को वह अपने पिता के साथ चंडीगढ़ से बरकट्ठा लौटी है। इस मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि हमारे गांव की बेटियां भी अब हर क्षेत्र में शानदार सफलता प्राप्त कर रही हैं। बेटियां भी बेटों से कमतर नहीं हैं। बस उन्हें थोड़ा सपोर्ट और मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है। लोगों की मानसिकता बदलने की जरूरत है। रक्षा ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता पिता को जाता है। उन्होंने मुझे सहयोग कर इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की। बचपन से हीं मेरी ताइक्वांडो के प्रति गहरी रुचि थी। अभिभावकों का साथ मिला और पढ़ाई के दौरान चंडीगढ़ तथा दिल्ली में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिल्ली से हीं मेरा दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयन हुआ। वर्तमान में रक्षा दिल्ली में एमए की पढ़ाई कर रही है। स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, गुरु प्रसाद साव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, वरुण कुमार, अंजू देवी, सीमा देवी, सीमा डिम्पल, डेजी सिन्हा, कुन्दन शर्मा, उपमुखिया राहुल गुप्ता, जयवीर प्रसाद बर्मन, त्रिवेणी प्रसाद स्वर्णकार, शशि लाहकार, संदीप गुप्ता, पवन साव, संजय कुमार बबलू समेत कई लोग मौजूद थे।

## जेसीइआरटी ओलंपियाड परीक्षा में विष्णुगढ़ की बेटी राशि कुमारी जिला अव्वल

### बाल विकास विद्यालय में शिक्षकों ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव: विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



ओलंपियाड परीक्षा में जिलास्तर पर अव्वल प्रतिभागी को सम्मानित करते शिक्षक

जेसीइआरटी ओलंपियाड परीक्षा में विष्णुगढ़ की बेटी राशि कुमारी पिता राजू कुमार जिला अव्वल रही है। वह सभी पांच विषय गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी में उत्तीर्ण होने वाली हजारीबाग जिले की एकमात्र परीक्षार्थी है। वह कक्षा आठ की परीक्षा में शामिल हुई थी। इस खुशी में बुधवार को बाल विकास विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षकों ने उन्हें बुके देकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। राशि ने बताया कि जैक द्वारा यह परीक्षा प्रदेश स्तर पर आयोजित होती है। इस बार इसमें लगभग 73 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें पूरे झारखंड से मात्र 360 परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए। इनमें हजारीबाग से 15 परीक्षार्थी शामिल हैं। इन 15 में राशि कुमारी ही जिले से एकमात्र परीक्षार्थी है, जिन्होंने सभी विषयों में क्वालीफाई किया है। फाइनल दो दिवसीय परीक्षा 10-11 को आयोजित हो चुकी है। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य नवलकिशोर वर्मा, शिक्षक राजेन्द्र सिंह आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। बता दें कि राशि के पिता राजू कुमार साप्ताहिक हाट-बाजार में दुकान लगाते हैं। आर्थिक चुनौतियों से जूझते हुए उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। राशि के भाई रितिक कुमार भी काफी मेधावी रहे हैं। आकांक्षा 40 में उनका चयन हो चुका है। बधाई देने वालों में मनोज कुमार पाठक, राणा रंजीत चंदेल, विजेंद्र प्रसाद, मृत्युंजय कुमार, छोटीनाथ गोस्वामी, उदित कुमार वर्मा, विनय कुमार उर्फ गुड्डू, उषा देवी, ज्योति बरनवाल, संजना मिश्रा, रंजना मिश्रा, अलका कुमारी आदि शामिल हैं।

## डिवाइन में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में कविता पाठ , भाषण, सुलेख लेखन, कविता लेखन , हिन्दी व्याकरण वृत्य ना. टिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आईपी भारती ने किया .उन्होंने ने कहा कि हिन्दी भारत को जोड़ने वाली भाषा और हमारे स्वाभिमान,परम्परा-सभ्यता की प्रतीक है। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भाषा देश की गरिमा होती है।इसलिए हिन्दी में ही अपने विचारों का आदान प्रदान करना चाहिए। हिन्दी से हिन्दुस्तान होने की बात कहने के साथ इसे वैश्विक स्तर पर लाने की बात कही।हिन्दी शिक्षक काशीनाथ महतो ने हिन्दी के क्रमवार विकास के इतिहास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शिक्षिका शबनम खातुन हिन्दी को राज भाषा किस प्रकार घोषित किया गया का इतिहास सिलसिलेवार घटना क्रम बच्चों को बता. ई। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों में श्रेया कुमारी, अब्दुल सलाम, कुमारी विद्यांश,सुजीत कुमार, परी कुमारी, शाहिन परविन,चांदनी कुमारी, मुस्कान खातुन, अस्मिता कुमारी, अमित कुमार, किरण कुमारी, राखी कुमारी, पूनम कुमारी, प्रशांत कुमार, मृत्युंजय शर्मा, कनक लता, अंजली यादव, अमित कुमार, बादल राज, आरोही कुमारी, अनुष्का शर्मा, शिवम कुमार, तुलेश्वर कुमार, कृष्णानंद प्रसाद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनील उपाध्याय, कुलदीप पासवान, रुबी खातुन, सुलेखा मोदी, मनोहर सिंह, संजय यादव, अविशेष कौशल, अजय मंडल, अरुण कुमार, सी. वेलु, शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा सभी शिक्षकों ने विजेता प्रतिभागियों को उनके सृजनात्मक क्षमता को सराहा।

## बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग एक्ट 1914 के तहत बकायेदारों के विरुद्ध अंचलाधिकारी ने जारी किया वारंट

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**

चंदवारा अंचल अंतर्गत बिहार एवं उडीसा लोक मांग अधिनियम 1914 के तहत भारतीय स्टेट बैंक के बकायेदारों के विरुद्ध वारंट जारी किया गया है। इन बकायेदारों पर वर्षो से लंबित नीलाम पत्र वाद के विरुद्ध धारा 07 के तहत जारी नोटिस के बावजूद संबंधित बैंक में राशि जमा नहीं करने के बाद बकायेदारों के विरुद्ध धारा 38 के प्रावधानों के अनुसार गिरफ्तारी वारंट जारी कर थाना प्रभारी तिलैया डैम ओपी प्रभारी को वारंट का तामिला कराते हुए अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है, ताकि इन बकायेदारों से राशि की वसूली करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। जिन बकायेदारों के विरुद्ध वारंट जारी किया गया है , उनमें मनोज कुमार बड़की धमराय, गुलाब गिरी बा. जपुर, शिव कुमार गिरी बाजपुर, जसिया देवी पति रामेश्वर राम, बड़की धमराय, कैलाश राम बडकी धमराय, वासुदेव यादव, कांको, विशुन धारी महतो बड़की धमराय, सुलेखा देवी पति भुनेश्वर गिरी बाजपुर, रामअवतार भारती गरांयडीह, कैलाश यादव, राजकुमार राज पिता हुसैनी राम आदि शामिल है । बकायेदारों पर भारतीय स्टेट बैंक , सैनिक स्कूल तिलैया डैम शाखा से लिए गए ऋण की राशि वापस नहीं करने पर नीलाम पत्र वाद के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य बकायेदारों पर भी नीलाम पत्र वाद के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए वारंट जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने अंचलाधिकारी चंदवारा के न्यायालय में लंबित नीलाम पत्र के बकायेदारों से अपील किया कि वे शीघ्र ही बकाया राशि का भुगतान संबंधित बैंक शाखा में जमा करते हुए इसकी एक प्रति अंचल कार्यालय में जमा करें।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल में भाषण प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एन्ड कॉलेज परिसर मे हिंदी दिवस के अवसर पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज कुमार राणा, द्वितीय स्थान गुलाम मुस्तफा तथा तृतीय स्थान पर आयुष कुमार रहा सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पूजा कुमारी ,द्वितीय स्थान मुस्कान खातून तथा तृतीय स्थान पर हसनैन अंसारी रहा। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया .संस्थान के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद संबोधित करते हुए कहे कि हिंदी हमारी मातृभाषा एवं राजभाषा है हिंदी दिवस हमें यह एहसास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इस तरह हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्था के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव ,शिक्षक बैजनाथ कुमार, प्रकाश कुमार, दीपक सोनी ,नेहा कुमारी, अरनिका सिन्हा ,नंदेव कुमार आदि शिक्षकों ने अपने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जिला कार्यसमिति की बैठक मैं प्रत्येक तीन माह में बैठक करने का निर्णय राज्य सरकार की हर लाभकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प





**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**

चंदवारा प्रखंड के सांस्कृतिक भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति बैठक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया प्रत्येक तीन महीने मे जिला कार्यकारिणी की बैठक किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को एवं केंद्रीय समिति सदस्य लोगों को सभी प्रखंडों में जल्द ही समीक्षा बैठक करते हुए प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार आम जनता के हित में एव सुखाड़ को देखते हुए कई तरह की योजनाएं चलाने की घोषणा की गई है। जिसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को आम जनता के बीच में जाकर बताना है। सरकार की योजनाएं धरातल पर लाकर सभी आम जनता उससे लाभान्वित हों तथा सभी को जानकारी मिले तथा पार्टी के सभी पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पुरानी सदस्यता फार्म जल्द से जल्द जिलाध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में जमा कर दें। मौके पर जिला सचिव वीरेंद्र पांडेय ने कहा की झारखंड सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया जिससे हम जनता को कार्यक्रम से फायदा हुआ। मौके पर जिला संगठन सचिव सह राज्य स्तरीय ब०क्सिंग खेल प्रतियोगिता के कोच मालती चंद्रा के द्वारा कोडरमा जिले के होनहार खिलाड़ियों ने पंजाब में जाकर कई तरह का खेल के माध्यम से अपना अपना कर्तव्य को निभाते हुए झारखंड राज्य एवं कोडरमा जिले का नाम रोशन किया और इन लोगों के द्वारा जैसे सुनील राणा प्रदीप यादव गुड़िया कुमारी पूजा कुमारी नमीर अंसारी ने 5 मेडल जीतकर नाम रोशन किया जिसको लेकर जिला समिति कोडरमा के द्वारा इन लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा ने प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ अंशदान देकर इन सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बारी-बारी से सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया श्यामदेव यादव, वीरेंद्र मिश्रा, अनिल बर्णवाल, नंदकिशोर मेहता, बैजनाथ यादव, मो सद्दाम, रामेश्वर प्रसाद यादव, लालदेव प्रसाद यादव, संदीप पांडेय, रवि शंकर सिंह, इस्लाम अंसारी, गणेश राय, धर्मेंद्र कुमार, कामेश्वर भारती, अशोक सिंह, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दुलारी देवी, रेनू देवी, विश्वनाथ राय, अशरफ अंसारी, ब्यूटी कुमारी, निशांत कुमार, मो रफीक, मो समसुल अंसारी, त्रिवेणी पांडेय समेत कई लोग मौजुद थे।

## चलकुशा प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष पूर्व विधायक का धरना शुरू

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का शुभारंभ किया गया मौके पर बड़ी संख्या में प्रखंड़ वासियों ने अपनी उपस्थिति रखी ज्ञात हो कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठने से पहले पूर्व विधायक जानकी यादव के नेतृत्व में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शमरेश प्रसाद भंडारी को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर माँग पत्र सौंपा था । तत्पश्चात पूर्व विधायक ने नेता, कार्यकर्ताओ व महिलाओं के साथ प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष अपनी 13 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। धरना में शामिल नेता व कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर धरना स्थल पर लोगों को संबोधित किया और 13 सूत्री मांगों को लेकर लोगों सबों समर्थन करने के लिए एक साथ पूर्व विधायक का सहयोग करने को कहा ताकि सरकार से हम लोग अपनी मांग पूरा करवाएं। मौके पर पूर्व जिला परिसद उपाध्यक्ष चन्दन देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, बसंत पाण्डेय, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष बिरेन्द्र मोदी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राज. कुमार नायक, इब्राहिम अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, उप-प्रमुख शमशेर आलम, उप-प्रमुख सुरजी देवी, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, किशोरी पाण्डेय, चौबे, मुखिया कुमार अंशु, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, सेवाटांड मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव, अलगडीहा मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक, खरगू मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित, मसकेडीह मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह, सूदन मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव यादव, पंसस बाबूलाल यादव, पंसस उमेश ठाकुर, पंसस उमेश साव, पंसस मनोज यादव, युवा नेता बलराम राणा, अनुज रवि, बैजू यादव, उप-मुखिया सदन यादव, उमेश यादव, पूर्व पंसस महबूब अंसारी, मनोहर चौधरी, रमेश पंडित, जितेन्द्र पा. सवान, उपेंद्र शर्मा तथा बड़ी संख्या में चलकुशा के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## हिंदी दिवस के अवसर पर कर्णपुरा महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया


**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




कर्णपुरा : महाविद्यालय बड़कागांव में हिंदी विभाग के तत्वाधान में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि 14 सितंबर 1949 ईस्वी को भारत गणराज्य की आधिकारिक राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाया गया था। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर ने कहा कि 26 जनवरी 1950 ईस्वी को देश के संविधान द्वारा आधिकारिक रूप में हिंदी भाषा का उपयोग करने का विचार स्वीकृत किया गया था। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अन्नु कुमारी ने की। इन्होंने भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित पंक्तियों-षनिज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।ष्से कार्यक्रम की शुरुआत की।14 सितंबर 1949 के दिन हमारी मातृभाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। प्रो. ललिता कुमारी ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है इसे हमें भूलना नहीं हैऔर अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी भाषा का उपयोग करना है। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. निरन नरेश कुमार दांगी, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. रंजीत प्रसाद के अलावे छात्र-छात्राओं में अरविंद, सोनी, दुर्गेश, रंजीत, मोहन ,राजू, संगीता, पूजा ,नीलम, कविता आदि शामिल थे।

## हिंदी दिवस के मौके पर निबंध प्रतियोगिता वाहक कला का आयोजन

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**




चन्दवारा प्रखंड के अ०क्सफोर्ड अकादमी महथाडीह समेत कई निजी विद्यालय में मंगलवार को हिंदी दिवस मनाया गया। मौके पर हिंदी दिवस सभी विद्यालय में 14 सितंबर से 21 सितंबर तक हिंदी भाषा को भिन्न भिन्न तरह से आयोजित कर मनाया जाएगा। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने हिंदी निबंध प्रतियोगिता व हस्तकला में भाग लिया। मौके पर निर्देशक रोहित कुमार रजक ने कहा कि हिंदी के महान साहित्यकार व्यौहार राजेंद्र सिंह के जन्मदिवस के दिन 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इसी वजह से इस दिन को हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। हिंदी को विशेष दर्जा दिलवाने में जिन्होंने अहम योगदान निभाया है, उनमें गोविंद दास, हजारी प्रसाद द्विवेदी, काका कालेलकर और मैथिलीशरण गुप्त जैसे लोग शामिल हैं। मौके पर निदेशक सह प्रचार्य रोहित कुमार रजक, शिक्षक प्रजापति अर्जुन, चंदन कुमार, अजय पंडित, राहुल कुमार रजक, दीपिका कुमारी, मालती पंडित, सोनम परवीन, प्रीति कुमारी, खूशबू कुमारी, स्रुति कुमारी समेत कई छात्र-छात्राओं व शिक्षक मौजूद थे।

## लगातार बारिश के विष्णुगढ़ में कई कच्चे मकान धराशाई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



लगातार बारिश के कारण ध्वस्त घर को दिखाता पीड़ित

इलाके में बीते तीन दिनों से भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। लगातार बारिश से सबसे अधिक मुसीबत कच्चे मकान में रह रहे लोगों को हो रही है। बुधवार को खरना पंचायत के ग्राम गडरबारा फटलाही टोला में सोमर बेसरा पिता मोहन बेसरा का घर सुबह 3 बजे धराशाई हो गया। घटना के समय घर में सभी सदस्य सो रहे थे। अचानक घर के ध्वस्त होने से सो रहे सदस्य बाल-बाल बच गए। गृहस्वामी सोमर बेसरा ने बताया कि बारिश के कारण हमलोग खाना खा कर जल्दी सो गए। अचानक 3 बजे भोर में हम कुछ समझ पाते तब तक पुरा घर धराशाई हो गया। हमलोग किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर निकले। पूरा परिवार अभी दूसरे के घर में बिता रहे हैं। सोमर बेसरा पत्नी समेत 2 बेटा और 1 बेटी समेत पांच सदस्य अब बेघर हो गये हैं। घर गिरने से रखा अनाज भी दबकर बर्बाद हो गया। सोमर दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार की परवरिश करते हैं। परिवार का राशन कार्ड भी नहीं बना है। सूचना पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजिक कार्यकर्ता चुनुलाल सोरेन ने पीड़ित के घर जाकर जायजा लिया और प्रशासन से आवास एवं राशन की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। इसके पूर्व बकसपुरा में बारिश से ललन ठाकुर का कच्चा घर गिर चुका है।

## खबर का असर : बड़कागांव सरकारी अस्पताल में व्यवस्था होगी सुदृढ़ जल्दी कराई जाएगी व्यवस्था बीएन प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव सरकारी अस्पताल की व्यवस्था अब बदले सी नजर आएगी। इससे संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद चिकित्सा प्रभारी बीएन प्रसाद ने संज्ञान लेते हुए कहा कि जल्द ही अस्पताल में टाइफाइड जांच करने संबंधी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे मलेरिया जैसे बीमारी का जांच अस्पताल में उपलब्ध है परंतु अब टाइफाइड का भी



बड़कागांव सरकारी हॉस्पिटल में टाइफाइड जांच की सुविधा नहीं होने के करण मरीजों को हो रही परेशानी

बड़कागांव हॉस्पिटल में सरकार के द्वारा दी गई व्यवस्था की नाकामी उजागर करता है : नकुल महतो

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार

बड़कागांव सरकारी हॉस्पिटल में टाइफाइड की जांच नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ह०स्पिटल में व्यवस्था को लेकर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी नकुल महतो ने सरकार की व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया है । जिसमें उन्होंने कहा की स्वास्थ विभाग को व्यवस्था के सुधार के लिए लाखों रुपए दी जाती हैं परंतु ह०स्पिटल की व्यवस्था में कई समस्या देखी जा रही है। टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारी व खून की जांच नहीं होना बड़कागांव ह०स्पिटल में सरकार के द्वारा दी गई व्यवस्था की नाकामी उजागर करता है। आगे नकुल महतो ने बताया कि मैं खुद मंगलवार सुबह 7:00 बजे एक बीमार बच्ची को लेकर बड़कागांव सरकारी हॉस्पिटल गए थे। जिसे बुखार के साथ गला में खसखस, माथा में दर्द, चक्कर आना, शरीर गर्म था । एक घंटा बैठने पर उसका बीपी जांच किया गया । बीपी सही था फिर ड०क्टर ने लगभग 8:45 बजे बच्ची का ट्रीटमेंट किया । जिसमें डॉक्टर ने टाइफाइड और मलेरिया जांच लिखा। जांचकर्ता ने बताया कि यहां पर केवल मलेरिया जांच होता है टाइफाइड नहीं जब उनसे पूछा गया कि कब से नहीं हो रहा है तो जांचकर्ताओं ने बताया कि बरसों से नहीं हो रहा है टाइफाइड की जांच। नकुल महतो ने सरकार से अनुरोध किया है कि मरीजों को बेहतर इलाज के लिए हॉस्पिटल की व्यवस्था में सुधार लाने की जरुरत है। मामले को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मलेरिया, एचआईवी के अलावा अन्य बीमारियों के लिए खून की जांच की जाती है परंतु टाइफाइड बीमारी के लिए खून की जांच नहीं हो रही है।

जांच जल्दी उपलब्ध हो जाएगा जिससे मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी बताते चलें कि बीते मंगलवार को बड़कागांव निवासी नकुल महतो ने सरकार की व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया था कहा था की स्वास्थ विभाग को व्यवस्था के सुधार के लिए लाखों रुपए दी जाती हैं परंतु हॉ. स्पिटल में व्यवस्था में कई समस्या देखी जा रही है। टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारी का खून की जांच नहीं होना बड़कागांव हॉस्पिटल में सरकार के द्वारा दी गई व्यवस्था की नाकामी उजागर करता है।

APEM LIVE

दिनांक: 14-09-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## पिछले तीन वर्षों से चोरका नदी पर पुल अधूरा दर्जनों गांव के ग्रामीण परेशान

### 6 करोड़ पचास लाख रुपए लागत राशि से बनाई जा रही है पुल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से मात्र 1 किलोमीटर के दूरी पर स्थित चोरका नदी,जहां पर लगभग 6 करोड़ 50 लाख रू. लागत से पुल निर्माण पिछले दि. संबर 2019 से हो रहा है। लेकिन ढाई साल से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी पुल कंपलीट नहीं हुआ है।पुल निर्माण में लगभग तीन साल होने वाली है,लेकिन लोगो को आज भी नदी के पानी से भिंगकर आने-जाने को मजबूर है। खासकर बरसात में जान जोखिम लेकर नदी पार करतें हैं।कई बार तो नदी में बाढ ज्यादा होने के कारण कई व्यक्ति या जानवर बाढ में बह जातें हैं। खासकर बरसात में विद्यार्थीयों को विद्यालय-क०लेज में आने-जाने में दिक्कत होती है। नदी में ज्यादा बाढ होने के कारण विद्यार्थी विद्यालय नही जा पातें हैं। जिससे विद्यार्थीयों का पढाई बाधित हो जाता है।नदी में पुल नही पुरा होने से दर्जनों गांव के लोग प्रखंड मुख्यालय, थाना मुख्यालय के कामो से वंचित हो जाता है। चोरका नदी में पुल नही होने से किन किन गांव के लोगो को परेशानीयों का सामना करना पडता है चोरका नदी में पुल नही होने से बारसात में चोरका,पंडेरिया,सीतलपुर,जमनीडीह,सिकरी,उपरमोहदर,परपेन, बड़कागांव हुरलंग. बागी,बड़कागांव के विभिन्न मुहल्ला के किसानों के नदी के दोनो ओर जमीन रहने से खेती करने में परेशानी होती है।

**जेई संजय भगत का क्या कहना है जाने**

चोरका नदी पुल निर्माण पुरा नही होने पर कनिय अभियंता संजय भगत से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुल का काम पुरा हो गया है। पुल के दोनों छोर अप्रोच तथा गार्डवाल का बचा हुआ है। अप्रोच काम में किसानो ने अपनी रैयती जमीन दावा पेश की है।वहीं विभागीय द्वारा बड़कागांव अंचल को जमींन जांच के लिए आवेदन दिया गया है। 20 सितम्बर तक अंचल के द्वारा जमीन जांच के बाद पुल का आगे का कार्य होगा।

## थैंक्स गॉड फिल्म में देवी-देवताओं का उपहास उड़ाना निंदनीय : राजू

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



राजू श्रीवास्तव

चत्रांश सहायता संघ के जिलाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर थैंक्स गॉड फिल्म में भगवान चित्रगुप्त का अपमान और उपहास उड़ाने की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से अविलंब फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि किसी भी फिल्म निर्माताओं द्वारा अपने फिल्म में देवी देवता को अपमानित करना या उपहास उड़ाना गलत है। केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड को भी ऐसी सीन वाली फिल्म की अनुमति नहीं देनी चाहिए। कहा कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को हिट कराने के लिए किसी देवी देवता का उपहास उड़ाने या अपमानित करने वाले सीन फिल्म में डाल देते हैं। थैंक्स गॉड में भगवान चित्रगुप्त का अपमान या उपहास उड़ाकर फिल्म निर्माता या फिल्म कलाकार ने पूरे राष्ट्र का उपहास किया है। केंद्र सरकार को चाहिए कि कायस्थों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त का अपमान करने वाली फिल्म पर रोक लगाए और सेंसर बोर्ड को ऐसी सीन वाली फिल्म की अनुमति ना दें।

## प्रखण्ड कार्यालय में किया गया पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक

### पंचायत समिति के रूप में चुने गए दो मुखिया

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख इंदु देवी एवं संच. ालन प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो के द्वारा किया गया। जिसमें सभी पंचायत समिति सदस्य एवं संबंधित विभागीय कर्मी उपस्थित हुए। पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत समिति के सदस्य के रूप में चिरिदिरी मुखिया घनश्याम पासी एवं कोल्हैया मुखिया श्रीमती सोनिया देवी का चयन ल०टरी के द्वारा एक वर्ष के लिए किया गया। तत्पश्चात विभाग वार समीक्षा की गई विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि पीएचसी कन्हाचट्टी मैं आवश्यक दवाइयों मछ. रदानी इत्यादि से संबंधित रजिस्टर को सही तरीके से संधारण कर लिया जाए एवं उसकी एक कॉपी कार्यालय को अवगत कराया जाए शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई के दौरान निर्देश दिया गया कि कोविड-19 के दौरान प्राप्त हुए मिड डे मील की राशियों से संबंधित सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए साथ ही निर्देश दिया गया कि मिड डे मील की गुणवत्ता एवम रेगुलेरिटी मैं किसी प्रकार की कोताही बरती नहीं जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों को हर समय खोलने एवं उसमें बच्चों को उचित पोषाहार देने हेतु निर्देशित किया गया राजपुर थाना से आये प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि प्रखंड अंतर्गत हो रहे अफीम की खेती से प्रखंड का नाम बदनाम हो रहा है, अतः प्रखंड अधिकारियों के साथ-साथ आप सभी जनप्रतिनिधि भी इस मुहिम में हमारा साथ दें और हम अफीम की खेती को बिल. कुल भी अपने प्रखंड में ना होने दें।जिसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि इस वर्ष हमारे परखण्डवमे नहीं होगी अफीम की खेती।जो खेती करेगा उसका नाम फिर हम प्रतिनिधि पुलिस को देंगे और उस पर मुकदमा करवाएंगे।वहीं जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित योजनाएं ,कृषि, सांख्यिकी,आपूर्ति, मनरेगा ,15वें वित्त ,पीएमएवाई जी इत्यादि से संबंधित भी समीक्षा किए गए एवं सभी संबंधितो को निर्देश दिया गया।बैठक में उपप्रमुख सुमन सिंह,सहित अन्य लोग शामिल थे।

## एकल अभियान ग्राम स्वराज मंच के तत्वाधान में अभ्युदय युथ क्लब द्वारा आयोजित खेल कूद संपन्न

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण (हजारीबाग) एकल अभियान के हजारीबाग अंचल अंतर्गत चौपारण संच के द्वारा ग्राम स्वराज मंच के तत्वाधान में अभ्युदय युथ क्लब द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता चौपारण स्टेडियम में संपन्न हुआ,खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय सांसद प्रतिनिधि सह ग्राम स्वराज मंच के हजारीबाग अंचल अध्यक्ष मुकुंद साव,भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा संच अध्यक्ष रामसेवक राणा,संभाग प्रमुख अरविंद कुमार संच प्रमुख नंदकेश्वरी देवी,दयानंद यादव,शंकर सुमन, ने संयुक्त रूप से किया,खेल कूद प्रतियोगिता में कुल 21 प्रकार का खेल कूद प्रतियोगिता हुआ,जिसमे कुल 63 प्रतिभागियों का चयन हुआ,समाचार लिखे जाने तक पुरस्कार वितरण नहीं हुआ था,कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय,जिला महामंत्री सुनील साहू,ग्राम स्वराज मंच हजारीबाग अंचल अध्यक्ष मुकुंद साव संच अध्यक्ष रामसेवक राणा,सुनील कुमार सिंह, श्यामनंदन सहाय,संभाग प्रमुख अरविंद कुमार,कपिल महतो,संदीप कुमार चंद्रवंशी,मनोज कुमार, दयानंद यादव,गुड़िया देव. ीनंदकेश्वरी देवी,सोनू कुमार,शंकर सुमन,संध्या कुमारी,रेखा देवी,सुनीता देवी,पार्वती देवी,शोभा देवी,झरोखा देवी,मुनि देवी सहित कई आचार्या मूड लगभग 250 बच्चे शामिल हुए थे

## हिंदी दिवस पर रामपुर उच्च विद्यालय में शिक्षक संग बच्चो ने किया पौधारोपण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




परियोजना +2 उच्च् विद्यालय रामपुर में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत, नृत्य भाषण स्लोगन , कविता आदि अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा वृक्ष लगा कर किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज यादव ने किया तथा मंच संचालन हिंदी के शिक्षक ड०.करन कशिश ने किया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए हिंदी शिक्षक डॉ करण ने बताया कि धीरे धीरे पूरे विश्व मे हिंदी का विस्तार हो रहा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है इसका श्रेय हिंदी भाषा को जाता है। प्राचार्य मनोज यादव ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हें पौधा संरक्षण की जिम्मेवारी सौंपा गया। कार्यक्रम का सम्बोधित शिक्षक डॉ. अनुराग यादव, पंकज कुमार रजक, दयानंद ठाकुर आदि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान शिक्षक लालमोहन कुमार के द्वारा किया गया।

